SITAPUR POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट- जनपद सीतापुर

चोरी की घटना का सफल अनावरण, 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार; कुल 25,500/- रुपये नकद, 02 अदद मोबाइल फोन व पर्स बरामद।

दिनांक:-02.11.2026

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा जनपद सीतापुर में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षकगण को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी महोदय श्री आलोक सिंह के पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी लहरपुर महोदय के नेतृत्व में थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विवेचना व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, दिनांक 02.11.2026 को बाकरनगर नहर पुलिया खिद्दरपुर के पास से 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से भैंस चोरी के बिक्री के बचे हुए कुल 25,500/- रुपये, मोबाइल फोन तथा पर्स बरामद हुए हैं। अनावरण के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) BNS की बढ़ोत्तरी की गई है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 27/28.10.2026 की रात्रि में उन्होने अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी बोलेरो मैक्स पिकअप गाड़ी (नंबर UP34CT4256) से ग्राम मोहम्मदीपुर जाकर एक टिनशेड के अंदर से भैंस चुराई थी। उस भैंस को उन्होंने राह चलते एक व्यक्ति को बेच दिया था। जिनसे बचे रुपये अभियुक्त आविद तथा विनोद से बरामद किए गए। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी/नकबजनी आदि अपराधों के संबंध में कई अभियोग पूर्व में पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान मा.न्यायालय किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-

1. आविद पुत्र अयाज, निवासी – ग्राम सिकन्दरा (मजरा रौरापुर), थाना तालगांव, जनपद सीतापुर
2. विनोद पुत्र रामअवतार, निवासी – ग्राम दण्डपुरवा (मजरा शेखनापुर), थाना लहरपुर, जनपद सीतापुर

बरामदगी का विवरण:कुल बरामदगी: 25,500 रुपये नकद, 02 मोबाइल फोन व 1 पर्स

अनावरित अभियोग- मु0अ0सं0 306/2026 धारा 303(2) / 317(2) BNS थाना तालगांव सीतापुर

पुलिस टीम:उ0नि0 रामजीराम,हे0का0 आशीष तिवारी,का0 सत्येन्द्र कुमार,का0 नजरुद्दीन,का0 राहुल कुमार भारती

आपराधिक इतिहास अभियुक्त आबिद-मु0अ0सं0 811/2025 धारा 305(a)/371(2),331(4) बीएनएस थाना खीरी जनपद जनपद खीरी

आपराधिक इतिहास अभियुक्त विनोद-

1. मु0अ0सं0 60/2018 धारा 379/411 बीएनएस थाना लहरपुर जनपद सीतापुर
2. मु0अ0सं0 106/2018 धारा 379/411 बीएनएस थाना लहरपुर जनपद सीतापुर
3.मु0अ0सं0 80/2020 धारा 354/504/506 बीएनएस थाना तालगांव जनपद सीतापुर
4. मु0अ0सं0 60/2024 धारा 379 बीएनएस थाना लहरपुर जनपद सीतापुर
5. मु0अ0सं0 106/2024 धारा 379 बीएनएस थाना लहरपुर जनपद सीतापुर
6. मु0अ0सं0 80/2024 धारा 354/504/506 बीएनएस थाना तालगांव जनपद सीतापुर
7. मु0अ0सं0 163/2018 धारा 379/411 बीएनएस थाना लहरपुर जनपद सीतापुर
8. मु0अ0सं0 107/2018 धारा 307 बीएनएस थाना लहरपुर जनपद सीतापुर


कोतवाली-तालगाँव
जनपद : सीतापुर (उ.प्र.)
RR KABEL
WIRES & CABLES
AKALMAND BANO,
SAHI CHUNO.
प्रशासनिक भवन
STOP • THINK • VERIFY